आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 26.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नागरिकों से संविधान के आदर्शों को अपनाने और विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया।
- केंद्र सरकार ने आपदा शमन और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के तहत उत्तराखंड के लिए 139 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव में अधिकतम निर्वाचन व्यय और लेखा प्रस्तुति आदेश 2024 लागू किया।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा– सरकार गोरखा समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।
- चमोली जिले में 12 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाली भव्य नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियां शुरू।

भारतीय संविधान दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान का उल्लेख एक जीवित और प्रगतिशील दस्तावेज के रूप में किया है। इसके माध्यम से देश ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। संविधान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किये हैं। राष्ट्रपति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने की सराहना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी नागरिकों से 2047 तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपने बुनियादी कर्तव्यों और कार्यों को निभाने के लिए अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

## संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ

आज संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर सरकार ने आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान को अंगीकार किया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। आज प्रदेश भर में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई गयी। इस अवसर पर जिला मुख्यालयों और सरकारी संस्थानों में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारत के संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। प्रसार भारती के देहरादून स्थित परिसर में आकाशवाणी, दूरदर्शन और पत्र सूचना कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित राजभवन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान में निहित कर्तव्यों व दायित्वों की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण के ऐतिहासिक कार्य में देश के अनेक महा मनीषियों के परिश्रम और महान विचारों की व्यापकता से एक लोक कल्याणकारी संविधान की मजबूत संरचना संभव हुई थी।

## आपदा शमन और क्षमता निर्माण

केंद्र सरकार ने उत्तराखंड सहित 15 राज्यों के लिए आपदा शमन और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए एक हजार एक सौ 15 करोड़ से अधिक रुपये की मंजूरी दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने इस कोष की मंजूरी दी है। समिति ने आठ पूर्वोत्तर राज्यों के लिए तीन सौ 78 करोड़ रुपये, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए 139—139 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

## नगर निकाय चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में अधिकतम निर्वाचन व्यय और लेखा प्रस्तुति आदेश 2024 लागू कर दिया है। ये जानकारी देते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है। अब प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए और अधिक साधन जुटा सकेंगे। नए आदेश के तहत नगर निगम में 40 वार्डों तक के प्रमुख 20 लाख रुपये, 41 से 60 वार्डों तक के प्रमुख 25 लाख रुपये, 61 या उससे अधिक वार्डों के प्रमुख 30 लाख रुपये और नगर पालिका में 10 वार्ड तक के अध्यक्ष छह लाख रुपये, 10 से अधिक वार्डों के अध्यक्ष आठ लाख रुपये तथा सदस्य 80 हजार रुपये खर्च कर सकेंगे।

एग्युवा

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि सरकार गोरखा समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और उनके विकास व कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। आज देहरादून में अखिल भारतीय गोरखा पूर्व सैनिक कल्याण संघ के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री जाशी ने कहा कि गोर्खाली समाज का भारतीय सेना में बड़ा अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखा समाज सीमाओं की रक्षा के साथ राज्य के विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा ळें इस सम्मेलन में पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय समेत देश के कई राज्यों से अखिल भारतीय गोरखा पूर्व सैनिक कल्याण संघ के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। यह संगठन 72 वर्षों से भारत के विभिन्न राज्यों में हजारों गोरखा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए काम कर रहा है।

नंदा देवी राजजात यात्रा

चमोली जिले में 12 वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाली भव्य नंदा देवी राजजात यात्रा–2026 की जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में आज जिला मुख्यालय में बैठक आयोजित कर यात्रा के सुचारू और सुगम संचालन पर चर्चा की गई। थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि यात्रा को ऐतिहासिक बनाना सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने यात्रा की तैयारियों के संबंध में विधायकों और जनप्रतिनिधियों से विचार–विमर्श कर बेहतर प्रस्ताव बनाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

पहाड़ी उत्पादों से निर्मित सामग्री

रुद्रप्रयाग जिले के जखोली में आयोजित कृषि औद्योगिक और पर्यटन विकास मेले में महिलाओं द्वारा तैयार स्थानीय उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले में लगाए गए स्टालों के माध्यम से महिलाएं कंडाली व मंडुआ के पापड़, मंडुआ के लड्डू, आम–कटहल का अचार, गहत, तोर, सोयाबीन की दाल और कीवी फल बेच रही हैं। ग्रामोद्योग कृषि विभाग के अधिकारी सतीश भट्ट ने बताया कि सरकार के विक्रय केंद्र हिलांस आउटलेट के माध्यम से भी स्थानीय उत्पादों की बिक्री की जा रही है। श्री भट्ट ने कहा कि पहाड़ी उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ने से महिलाओं की आर्थिकी भी सुधर रही है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

सिविल सर्विसेज खेल

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि खेल मैदान में अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज खेल प्रतियोगिताओं के लिए जिला स्तर पर टीमों का चयन शुरू कर दिया गया है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि आज एथटेक्टिक्स, बैडमिंटन, बॉस्केटबाल, हॉकी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वेट लिफ्टिंग, तैराकी और अन्य खेल स्पर्धाओं के ट्रायल शुरू किए गए।

अब संक्षिप्त समाचार———

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 28 नवम्बर को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसको लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज और हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के विभिन्न संकायों में 12 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्तियां संविदा के आधार पर की गई है। उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, 28 से 30 नवंबर तक दून विश्वविद्यालय में 19वां राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्मेलन आयोजन करने जा रहा है। यह सम्मेलन उत्तराखंड के जल और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेगा।